<u>संत मोंटफोर्ट जयंती दिवस समारोह 2018</u>

मानवता की सेवा की खातिर, जो करता स्वहित कुर्बान,
उसका जीवन देवतुल्य, उसका जीवन महान।

आज दिनांक 30 जनवरी 2018 को सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय भोपाल में विद्यालय के संस्थापक संत मोटफोर्ट जी का जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर टी. एलेक्स जी उप प्राचार्य ब्रदर जॉन मिंज जी, प्रभारी िशक्षिका, तथा छात्र प्रतिनिधियों ने सेंट मोंटफोर्ट जी की प्रतिमा पर पुष्प गुच्छ समर्पित कर उन्हें आदरांजलि समर्पित की । इस अवसर विद्यालय के छात्र–छात्राओं दवारा गीत, नृत्य, नाटक, अभिनय संवाद आदि कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी गई जिसमें संत मोंटफोर्ट के जीवन व उनके आदर्शों की झलकियाँ दिखाई गई थी । आज के कार्यक्रम में गत माह, विद्यालय में संत मोंटफोर्ट के जीवन विषय से संबंधित हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरूस्कृत किया गया। इसी क्रम में विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर टी. एलेक्स जी एवं उप प्राचार्य ब्रदर जॉन मिंज जी ने विद्यालय परिवार के वाहन चालक एवं परिचालकों को उपहार देकर सम्मानित किया ।

विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर टी एलेक्स जी ने अपने संदेश में कहा कि ‘‘हम भाग्यशाली है जो हमें सेंट मोंटफोर्ट की आशीर्वाद छाया मिली है। हम सबका कर्त्तव्य है कि हम उनके दिखाए मार्ग पर चलकर, उनके आदर्शो को अपना कर **वसुधैव कुटुंबकम** की ध्वनि प्रतिध्वनित करें।’’